



भारतीय नौसेना
मासिक संवाद पत्र
जून 2026



भारतीय नौसेना सामरिक संचार प्रकोष्ठ, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित

परिचय

जून 2026 में परिचालन, सामरिक एवं संस्थागत क्षेत्र में भारतीय नौसेना की महत्वपूर्ण उपलब्धियां रही हैं। भा. नौ. पो. दुनागिरि, भा. नौ. पो. संशोधक तथा भा. नौ. पो. अग्रय इन तीनों की ऐतिहासिक कमीशनिंग स्वदेशी समुद्री सामर्थ्य की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस महीने के दौरान परिचालन संबंधी तैनाती, समुद्री सुरक्षा मिशन तथा अंतरराष्ट्रीय कार्य व्यस्तताओं के क्षेत्र में विश्वसनीय समुद्री साझेदार तथा क्षेत्र के प्रथम प्रतिक्रिया प्रदाता के रूप में भारत की भूमिका का स्पष्ट प्रदर्शन दिखा है। यह माह शौर्य पुरस्कार तथा भारतीय नौसेना के खिलाड़ियों द्वारा नवीन राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित करने सहित प्रशिक्षण, कार्मिकों की व्यक्तिगत उपलब्धि तथा खेलकूद में बेहतरीन प्रदर्शन की दृष्टि से भी उल्लेखनीय रहा है। समग्र रूप से ये उपलब्धियां परिचालन तत्परता, आत्मनिर्भरता, क्षेत्रीय सहभागिता तथा पेशेवर श्रेष्ठता के क्षेत्र में भारतीय नौसेना के निरंतर विशेष ध्यान को दर्शाती हैं।



प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से कोलकाता में तीन अग्रिम पंक्ति के नौसैनिक प्लेटफॉर्म की कमीशनिंग



21 जून 2026 को कोलकाता में प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से भारतीय नौसेना में भा. नौ. पो. दुनागिरि, भा. नौ. पो. संशोधक तथा भा. नौ. पो. अग्रय की कमीशनिंग की गई। स्वदेशी रूप से डिज़ाइन तथा तथा निर्मित ये तीन प्लेटफॉर्म- स्टील्थ फ्रिगेट, सर्वेक्षण वेसल तथा पनडुब्बी रोधी युद्धपद्धति शैलो वॉटरक्राफ्ट- स्पष्ट रूप से नौसेना की युद्ध, निगरानी तथा अंडरवॉटर युद्धपद्धति क्षमताओं में बेहतरी लाएंगे। 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों सहित भारतीय उद्योगों की भागीदारी से फ़लीभूत, यह कमीशनिंग रक्षा विनिर्माण तथा समुद्री क्षमता के विकास की दिशा में भारत की आत्मनिर्भरता के प्रयासों के क्षेत्र में मील का पत्थर है।

भारतीय नौसेना द्वारा कोच्चि तट के पास मर्चेंट टैंकर से विस्फोट न हुए आयुध की सुरक्षित रिकवरी



भारतीय नौसेना द्वारा ओमान के तट पर हुई वारदात के बाद मार्शल आइलैंड-फ़्लैग्ड टैंकर एमटी ओलंपिक लाइफ से विस्फोट न हुए आयुध की सफलतापूर्वक रिकवरी की। IFC-IOR से सूचना प्राप्त होने के बाद दक्षिणी नौसेना कमान ने एक विशेषज्ञ विस्फोटक आयुध निस्तारण टीम की तैनाती की जिसने वेसल के हल को वेधने के बाद फ्यूल टैंक के अंदर फंसे प्रोजेक्टाइल का पता लगाया। पूरी सुरक्षा प्रक्रिया के बाद आयुध को सुरक्षित रूप से अलग किया गया तथा जांच के लिए सुरक्षित रखा गया। यह परिचालन समुद्री सुरक्षा तथा संरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना की तकनीकी विशेषज्ञता,परिचालन तत्परता तथा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

माननीय राष्ट्रपति महोदया द्वारा प्रदत्त शौर्य पुरस्कार तथा उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार



जून 2026 में राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह 2026 के प्रथम तथा द्वितीय चरण के दौरान माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा शौर्य पुरस्कार तथा उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम चरण के दौरान लेफ्टिनेंट कमांडर सूरज पाराशर, राम गोयल, SEA II, वर्तमान में लीडिंग सीमेन तथा लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और रूपा ए को शौर्य चक्र प्रदान किया गया। द्वितीय चरण के दौरान, नौसेना के वरिष्ठ नेतृत्व में शामिल वाइस एडमिरल संजय जसजीत सिंह(सेवानिवृत्त), एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन, वाइस एडमिरल संजय वात्साय, वाइस एडमिरल अजय कोछड़, वाइस एडमिरल ए.एन. प्रमोद, सर्जन वाइस एड्मिरल आरती सरीन तथा वाइस एड्मिरल अतुल आनंद को उत्कृष्ट सेवा तथा पेशेवर उत्कृष्टता के क्षेत्र में उपलब्धि के लिए उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पश्चिमी हिंद महासागर में आपदा के दौरान भा. नौ. पो. त्रिकंड द्वारा सहायता



17 जून 2026 को पश्चिमी हिंद महासागर में एक संदिग्ध समुद्री डकैती की कोशिश के बाद भा. नौ. पो. त्रिकंड ने मर्चेंट वेसल MV फरीदा 5 को सहायता प्रदान की। मिशन पर तैनात फ्रंटलाइन फ्रिगेट ने तुरंत घटना की जांच की और संभावित खतरे को टालने के लिए कदम उठाए। समय पर कार्रवाई करके मर्चेंट वेसल तथा उसके सभी कर्मी दल की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। इस ऑपरेशन ने आसपास के क्षेत्र में मर्चेंट शिपिंग को सुरक्षा प्रदान करने, समुद्री डकैती का मुकाबला करने तथा समुद्री सुरक्षा बरकरार रखने में भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़ा पोत उदयगिरि, कावारत्ती और शक्ति द्वारा थाइलैंड और वियतनाम का दौरा



भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े के भा. नौ. पो. उदयगिरि, कावारत्ती और शक्ति दक्षिण पूर्वी एशिया क्षेत्र में अपनी परिचालन तैनाती के हिस्से के तौर पर 27 जून 2026 को सट्टाहिप, थाइलैंड पहुंचे। पूर्वी बेड़े के फ्लैग अफसर कमांडिंग रियर एडमिरल आलोक आनंदा के नेतृत्व में पोतों का रॉयल थाइ नेवी द्वारा स्वागत किया गया। दौरे में पेशेवर आदान-प्रदान, क्रॉस- डेक विज़िट, परिचालन अंत:क्रिया, खेलकूद और सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम शामिल थे जिनका उद्देश्य परस्पर संचालन क्षमता बढ़ाना तथा दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को मजबूत करना था। इस पोर्ट कॉल द्वारा भारत और थाइलैंड के बीच करीबी समुद्री साझेदारी का प्रदर्शन हुआ तथा इस क्षेत्र के देशों के साथ भारत के लगातार जुड़ाव पर ज़ोर दिया गया।

भा.नौ.पो. इक्षक तथा भा.नौ.पो. तरकश द्वारा सेशेल्स का दौरा



भा.नौ.पो इक्षक तथा भा.नौ.पो तरकश दक्षिण पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी परिचालन तैनाती के हिस्से के तौर पर 26 जून 2026 को पोर्ट विक्टोरिया, सेशेल्स पहुंचे। सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित इस दौरे में दोनों पोत ने मार्चिंग टुकड़ी और नौसेना बैंड के साथ भाग लिया। पोर्ट कॉल के दौरान पोत द्वारा सेशेल्स डिफेंस फोर्सेज़ के साथ पेशेवर अंत:क्रिया की गई और समुद्री सहयोग तथा सद्भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम गतिविधियां भी सम्पन्न की गईं।

भा.नौ.पो. शारदा द्वारा कोलंबो, श्रीलंका का दौरा



भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से एक सफल पोर्ट कॉल के बाद 13 जून 2026 को भा.नौ.पो. शारदा द्वारा कोलंबो से प्रस्थान किया गया। इस दौरे में श्रीलंका नेवी के साथ पेशेवर आदान-प्रदान, प्रशिक्षण कार्यक्रम और खेलकूद के कार्यक्रम शामिल थे, जिससे बेहतर परस्पर संचालन क्षमता और आपसी समझ में मदद मिली। श्रीलंकाई कार्मिकों ने छोटे हथियारों को संभालने, आग बुझाने, प्राथमिक उपचार और बचाव के तरीकों से क्षमता-निर्माण कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरे के दौरान वरिष्ठ स्तर की बातचीत भी हुई और दोनों देशों के बीच मजबूत समुद्री साझेदारी और क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा और सहयोग के लिए सहभागी वचनबद्धता दोहराई गई।

हिंद महासागर तैनाती के दौरान आई.एए.सवी त्रिवेणी द्वारा भा.नौ.पो. तरकश का दौरा



दक्षिण पश्चिमी हिंद महासागर में तैनात भा.नौ.पो. तरकश का विश्वव्यापी परिनौचालन अभियान करने वाले भारतीय सेना के सेलबोट भारतीय सहायक सेवा पोत (आई.एए.सवी) त्रिवेणी के साथ 19 जून 2026 को समुद्र में परस्पर संपर्क हुआ। आईएएसवी त्रिवेणी, जिसमें तीनों सेना की छह महिला अधिकारी शामिल थीं, अपनी यात्रा के आखिरी चरण में केपटाउन से मुंबई जा रही थी। समुद्र में हुई इस अंत:क्रिया द्वारा सशस्त्र सेना बल के बीच मिलकर काम करने की भावना दर्शाई गई जो पोत के ऐतिहासिक यात्रा अभियान के दौरान एक उल्लेखनीय पल था।

भारतीय नौसेना द्वारा लद्दाख के NCC कैडेट के लिए आउटरीच कार्यक्रम



भारतीय नौसेना के सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम पहल के अंतर्गत लेह और कारगिल के 50 NCC कैडेट और एसोशिएट NCC अफसरों ने पूर्वी नौसेना कमान मुख्यालय के नौसेना पोत एवं स्थापनाओं का 05 से 17 जून 2026 तक दौरा किया। इस कार्यक्रम में एक दिन के लिए भारतीय नौसेना के पोतों पर भ्रमण, विमानन एवं समुद्री विरासत केन्द्रों का भ्रमण और नौसेना के परिचालन एवं सर्विस जीवन का प्रत्यक्ष अनुभव शामिल था। इस पहल का लक्ष्य समुद्री मामलों के बारे में जागरूकता फैलाना और देश के युवाओं को राष्ट्र की समुद्री सुरक्षा एवं रक्षा सेवाओं के प्रति उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था।

लोकायन 26 जलयात्रा: भा नौ पो सुदर्शिनी का अमरीका में नॉरफोक और बाल्टीमोर दौरा



भा नौ पो सुदर्शिनी अपनी महासागरीय जलयात्रा जारी रखते हुए वर्तमान में चल रही लोकायन 26 जलयात्रा के हिस्से के तौर पर 26 जून 2026 को अमरीका में मेरीलैंड के बाल्टीमोर बंदरगाह पर पहुंचा। नॉरफोक की यात्रा में प्रमुख मध्य-अटलांटिक ब्रिज के नीचे से एतिहासिक चेसापीक एवं डेलावेयर नहर से गुजरना भी शामिल था। इससे पहले 19 से 23 जून 2026 तक पोत ने सेल250 वर्जीनिया समारोह में भी भाग लिया। पांच महीने में कोच्चि से नॉरफोक तक 13000 नॉटिकल मील से ज्यादा की यात्रा करते हुए इस जलयात्रा में भारत की जलयात्रा की परंपराओं, समुद्री पहुंच और समुद्र पार मित्रता एवं सहयोग की भावना का प्रदर्शन किया गया।

भारतीय नौसेना के तैराक विनायक विजय का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



भारतीय नौसेना के पेटी अफसर कम्युनिकेशन (टेल) एवं तैराक विनायक विजय ने 16 जून 2026 को आयोजित 79वें सीनियर राष्ट्रीय जलीय खेल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के 200 मीटर की व्यक्तिगत मेडली में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इस प्रतियोगिता की स्पर्धा में उन्होंने अपने पूर्व के राष्ट्रीय रिकॉर्ड 02 मिनट 04.34 सेकंड को पीछे छोड़ते हुए 02 मिनट 04.13 सेकंड का नया रिकॉर्ड बनाया। इस उपलब्धि से उनके अभियान की शानदार शुरुआत हुई और खेल जगत में राष्ट्रीय खेल स्तर पर भारतीय नौसेना का नाम रौशन हुआ।

भारतीय नौसेना की धावक एंसी सोज़ान का लंबी कूद में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



भारतीय नौसेना की पेटी अफसर (शारीरिक प्रशिक्षण) एंसी सोज़ान ने राष्ट्रीय इंटर स्टेट वरिष्ठ राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता के महिला वर्ग में लंबी कूद में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने अंजू बॉबी जॉर्ज के वर्ष 2004 के 6.83 मीटर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 6.88 मीटर की लंबी छलांग लगाई। यह उपलब्धि भारतीय एथलेटिक्स जगत में मील का पत्थर है और इससे भारतीय नौसेना के कार्मिकों की राष्ट्रीय स्तर पर खेल जगत की उपलब्धियों में एक नया अध्याय जुड़ा।

एवीसी एशिया वॉलीबॉल कप 2026



चीफ पेटी अफसर चिराग सुरेश कुमार और पेटी अफसर शिखर सिंह अहमदाबाद में संपन्न एवीसी एशिया वॉलीबॉल कप 2026 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। इस टूर्नामेंट में भारत की जीत में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनकी इस उपलब्धि ने देश का मान बढ़ाया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय नौसेना के खिलाड़ियों की उत्कृष्टता की झलक दिखलाई।

चीफ पेटी अफसर चिराग सुरेश कुमार और पेटी अफसर शिखर सिंह अहमदाबाद में संपन्न एवीसी एशिया वॉलीबॉल कप 2026 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। इस टूर्नामेंट में भारत की जीत में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनकी इस उपलब्धि ने देश का मान बढ़ाया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय नौसेना के खिलाड़ियों की उत्कृष्टता की झलक दिखलाई।

भा. नौ. पो. चिल्का से बैच 01/26 पास आउट



बैच 01/26 के कुल 3011 प्रशिक्षणार्थियों ने 12 जून 2026 को अपना प्रारंभिक नौसेना प्रशिक्षण पूरा किया। इस बैच में 116 महिला प्रशिक्षणार्थी सहित भारतीय नौसेना के 2746 अग्निवीर और भारतीय तटरक्षक बल के 265 नाविक शामिल थे। पासिंग आउट परेड को पश्चिमी नौसेना कमान के कमांडिंग इन चीफ, फ्लैग अफसर वाइस एडमिरल संजय वात्सायन द्वारा समीक्षा किया गया। इस समारोह में प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थी को सम्मानित करने के साथ नौसेना की सेवा में प्रशिक्षणार्थियों को शामिल करने का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

NEWSLETTER



JUNE 2026 NEWSLETTER